बिहार विधान सभा सचिवालय

अल्पकालीन निविदा-आमंत्रण

बिहार विधान सभा भवन शताब्दी वर्ष समारोह के शुभ अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति के बिहार आगमन पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने हेतु आने वाले अतिथियों के लिए निम्न सामग्रियों की आपूर्ति हेतु विभिन्न इच्छुक फर्मों / संस्थाओं से विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से दिनांक-08.10.2021 को 3.00 बजे अपराह्न तक सीलबंद लिफाफे में निविदायें प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के पदनाम से यथानिर्धारित शर्त्तों के अधीन आमंत्रित की जाती हैं ।

सभी प्राप्त निविदायें दिनांक-08.10.2021 को 4.00 बजे अप० में प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के कार्यालय कक्ष में क्रय समिति के समक्ष खोली जायेंगी, जिसमें सभी निविदादाता स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे ।

निम्नलिखित सामग्री से संबंधित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में बिहार विधान सभा सचिवालय के क्रय कोषांग से प्राप्त की जा सकती है ।

क्र०सं०	सामग्री का नाम	सामग्री की संख्या	आकार
1	मोमेन्टो (प्रतीक चिन्ह पर बिहार विधान सभा भवन का चित्र एवं मोमेन्टो पर बिहार विधान सभा भवन शताब्दी वर्ष समारोह उत्कीर्ण होना आवश्यक है । पूरी कलाकृति डबल लेयर्ड पॉलीस्टाइरीन/ एम०डी०एफ० वुडन फिनिश बेस के साथ कस्टमाइज्ड एक्रेलिक "बिहार विधान सभा भवन" रेप्लिका थीम्ड मोमेन्टों, ग्लास के साथ फ्रेम की हुई होनी चाहिए)	न्यूनतम 1000 पीस (आवश्यकतानुसार संख्या बढ़ाई जा सकती है)	12.5"x17.5" (फ्रेमिंग सहित)
2	लैपटॉप बैग 1. Genuine लेदर बैग जिसमें तीन जिप ओपनिंग (कॉपर/ ब्रास) के साथ तीन कम्पार्टमेंट हो । 2. बैग, हैंडल एवं शोल्डर स्ट्रैप के साथ हो ।	न्यूनतम 1000 पीस (आवश्यकतानुसार संख्या बढ़ाई जा सकती है)	15.6"

निविदा एवं निविदा से संबंधित सभी निर्धारित शर्त्तें बिहार विधान सभा की वेबसाईट www.vidhansabha.bih.nic.in पर उपलब्ध है ।

आदेश से,

1/10/21

(प्रमोद कुमार सिंह)
उप सचिव
बिहार विधान सभा, पटना ।

01/10/2021

O

<u>निविदा से संबंधित निर्धारित शर्त्तें:-</u>

1. आपूर्ति किये जाने वाले सामग्री का नमूना निविदा खुलने के समय संबंधित फर्म/संस्थान के प्रबंधक अथवा उनके प्रतिनिधि अपने साथ लायेंगे ।
2. निविदादाता को समान प्रकृति कार्य (Similiar nature of works) का अनुभव होना चाहिए। निविदा के साथ नमूना एवं कार्यादेश की प्रति संलग्न होना चाहिए ।
3. निविदा के साथ कार्यानुभव, फर्म का निबंधन प्रमाण पत्र, अद्यतन आयकर चुकता प्रमाण पत्र एवं जी.एस.टी. निबंधन प्रमाण पत्र संलग्न होना चाहिए ।
4. निविदा के साथ संलग्न सभी कागजात स्वअभिप्रमाणित एवं सांख्यांकित होना चाहिए ।
5. जिन निविदादाता का चयन सामग्री की आपूर्ति के लिए किया जायेगा, उन्हें उक्त कार्य के लिए कुल व्यय का 5% राशि की बैंक गारंटी, जो दिनांक-31.03.2022 तक वैध हो अथवा डिमांड ड्राफ्ट प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के पदनाम के पक्ष में सभा सचिवालय को जमा करना होगा, जो कार्य संतोषप्रद होने पर वापस कर दिया जायेगा ।
6. सामग्री की आपूर्ति, आदेश प्राप्त होने के 07 दिनों के अन्दर सभा सचिवालय को निश्चित रूप से प्राप्त करा देना होगा ।
7. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि के अंदर नहीं करने की स्थिति में निविदादाता द्वारा जमा की गई जमानत राशि जब्त करने तथा विपत्र से कटौती का अधिकार सभा सचिवालय को होगा ।
8. निविदादाता को निविदा के साथ नोटराईज्ड शपथ-पत्र (शपथ-पत्र निविदा प्रकाशन तिथि के बाद का) संलग्न करना होगा जिसमें यह अंकित होगा कि उनके फर्म/संस्थान को सरकार अथवा किसी अन्य प्रतिष्ठित संस्थान के द्वारा काली सूची में नहीं रखा गया है तथा इससे संबंधित कोई मुकदमा दर्ज नहीं है ।
9. उपर्युक्त सभी शर्त्तों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा । अपूर्ण, अस्पष्ट एवं विलम्ब से प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा ।
10. किसी अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये रद्द / अस्वीकृत करने का सर्वाधिकार सभा सचिवालय को सुरक्षित रहेगा ।
11. निविदाकर्ताओं द्वारा निविदा प्रस्तुत करने का अर्थ यह होगा कि निविदाकार को उपर्युक्त सभी शर्तें मान्य है ।

1/10/21